(c) The contract period is from 1.1.1998 to 31.3.1999.

कुछ राज्यों में इस्पात क्षेत्र के कार्यक्रमों के लिए समिति

1324. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला** : क्या **इस्पात** मंत्री यह बतानेकी कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात, उडीसा और मध्य प्रदेश में इस्पात क्षेत्र के कार्यक्रमों को अन्तिम रूप देने के लिए कोई समिति गठित की है;

(ख) क्या सरकार ने दूसरे क्षेत्रों के लिए भी ऐसी ही समितियां गठित करने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है;

(ग) क्या सरकार को इन समितियों से प्रतिवेदन प्राप्त हुए है; और

(घ) यदि हां, तो इस सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार द्वारा उनके कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए है?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस) : (क) और (ख) जी नही। सरकार को गुजरात, उडीसा, मध्य प्रदेश अथवा अन्य राज्यों मे इस्पात क्षेत्र के लिए कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए किसी समिति के गठन की जानकारी नही है।

(ग) और (घ) उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नही उठता।

इस्पात के निर्यात हेतु नए बाजार

1325. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस्पात के निर्यात हेतु नये बाजारों का पता लगाने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गत वर्षो के दौरान किसी विशिष्ट निर्यात हेतु किन्हीं नये बाजारों का पता लगाया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड) इस्पात के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस) : (क) से (ड) मौजूदा नीति के अनुसार

लोहे और इस्पात का निर्यात निर्बाध रूप से करने की अनुमति है। लोहे और इस्पात का निर्यात और वह स्थान, जहां निर्यात करना है, अनेक घटकों, जैसे अन्तर्राष्ट्रीय मांग, घरेलू मूल्य, आयातक देशों में मूल्य आदि, पर निर्भर करता है । ये घटक प्रायः परिवर्तनशील होते है और बार-बार बदलते रहते हैं मौजूदा बाजार परिस्थितियों के आधार पर उद्यमी स्वयं निर्यात बाजार तलाश करते है और उनमें प्रवेश करते है। तथापि, सरकार ने निर्यात संवर्धन और बाजार के विकास हेतु 5.00 करोड़ रुपए निर्धारित करने का निश्चय किया है।

लोहे और इस्पात के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विकास आयुक्त, लोहा और इस्पात की अध्यक्षता में एक इस्पात निर्यातक मंच की स्थापना की है। प्रमुख इस्पात उत्पादक और एसोसिएशनें इसकी सदस्य है । अन्य बातों के साथ-साथ इस मंच के उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैः

(क) ऐसे तरीकों द्वारा लोहे और इस्पात के निर्यात का समर्थन, संरक्षण, अनुरक्षण, वृद्धि और संवर्धन करना जो आवश्यक अथवा शीघ्र हों

(ख) सघन बाजार अनुसंधान के जरिए संभावित निर्यात बाजार का पता लगाना और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विशिष्ट मांग की पूर्ति हेतु उत्पादो का विकास करना ।

निर्यात की सुविधा के लिए सरकार द्वारा किए गए कुछ अन्य उपायों में निम्नलिखित शामिल हैः-

(i) निर्यात आय की बाजार विनिमय दर पर पूर्णतः परिवर्तनीयता,

(ii) अग्रिम लाइसेंसिंग योजना के अंतर्गत बिना शुल्क के कच्चे माल की अपनी आवश्यकता का आयात करने के लिए निर्यातकों को सुविधा उपलब्ध है ।

(iii) निर्यात वस्तुओं के विनिर्माण में प्रयुक्त किसी आयातित अथवा शुल्क योग्य सामग्री पर भुगतान किए गे शुल्क को वापिस करना।

(iv) धारा 80 एच एच सी के अन्तर्गत निर्यात आय को आयकर से छूट देना।

(v) लोहे और इस्पात के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए लोहे और इस्पात की अधिकांश मदों की ड्यूटी इन्टाइटेलमेन्ट